**गौमांस का निर्यात**

326. **श्री ओंकार सिंह लखावत**: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत से विदेशों को गौमांस का निर्यात किया जाता है; यदि हां तो कितनी मात्रा में और उससे कितनी आय अर्जित की जाती है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान गौवंश संवर्धन हेतु सरकार की विशेष योजनाओं में कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ग) क्या सरकार गौ संवर्धन करने गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हुतु प्रयास कर रही है; यदि हां, तो इन प्रयोसों का ब्यौरा क्या है?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री** (**डा. एस. वेणुगोपालाचारी**): (क) जी, नहीं। गाय के मांस को विदेशों को निर्यात नहीं किया जाता है।

(ख) गोपशु और भैंस प्रजनन संबंधी सरकार की विशेष योजनाओं पर गत तीन वर्षों के दौरान हुए खर्च का विवरण विवरण में दिया गया है। (नीचे दिखिए)

(ग) जी, हां। गोपशु और भैंस प्रजनन के लिए सरकार के प्रयास जारी रहेंगे ताकि स्वदेशी गोपशु और भैंस नस्लों का संरक्षण किया जा सके, गुणवत्ता प्रजनन आदानों के अंतर्गत कवरेज को बढ़ाया जा सके और केन्द्रीय गोपशु प्रजनन फार्मों और प्रजनन क्षेत्रों से उच्च स्तरीय सांडों को उपलब्ध कारया जा सके। पशु वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास नहीं है।

**विवरण**

गोपशु और भैंस प्रजनन के लिए सरकार की विशेष योजनाएं

| क्रम सं. | योजना का नाम | क्रम सं. योजना का नाम खर्च की गई राशि (लाख रुपये में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 1994-95 | 1995-96 | 1996-97 (अनन्तिव) |
| 1. | केन्द्रीय गोपशु प्रजनन फार्म | 307.45 | 365.83 | 444.75 |
| 2. | केन्द्रीय हिमित वीर्य उत्पादन और प्रशिक्षण संस्थान | 78.91 | 84.82 | 59.22 |
| 3. | राष्टीय सांड उत्पादन कार्यक्रम | 599.00 | 498.05 | 395.74 |
| 4. | हिमित वीर्य प्रौद्योगिकी विस्तार | 398.84 | 528.96 | 529.00 |
| 5. | संतति परीक्षण कार्यक्रम | 100.00 | 82.85 | 77.38 |
| 6. | आयातित प्रजनन क्षेत्रों का पशुयूथ पंजीकरण | 64.00 | 75.47 | 91.00 |
| 7. | विशंष पशुधन प्रजनन कार्यक्रम | — | 1.47 | 10.00 |
| | | 1548.20 | 1637.45 | |

**Action Plan to Enable Farmers to Face International Competition**

327. SHRI AKHILESH DAS: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government propose to implement an action plan to enable Indian farmers to face international competition;

(b) if so, the details thereof and the steps to improve the productivity of items